राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

जयपुर के स्वास्थ्य केन्द्रों को राज्यपाल ने भेजे हाइजीन किट

जयपुर, 17 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जयपुर के स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ के लिए हाइजीन किट भेजे हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (जयपुर प्रथम) डॉ. नरोत्तम शर्मा और डॉ. नवीन शर्मा को बुधवार को यहां राजभवन में हाइजीन किट प्रदान किये। राज्यपाल श्री मिश्र ने बताया कि दस हजार मास्क, दो हजार दस्ताने और पन्द्रह हजार साबुन जयपुर के स्वास्थ्य केन्द्रों के स्टाफ के लिए भेजे गये हैं। राज्यपाल ने चिकित्सकों से कहा है कि लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक,
जनसम्पर्क,राज्यपाल, राजस्थान
98292 71189